# राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला,
# जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश
# वार्षिक प्रतिवेदन
# सत्र : 2023–2024

महोदया,

आज राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला अपना 16वाँ वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित कर रहा है। आप सभी का यहाँ पर मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती हूँ। यह हमारे लिए अत्यन्त हर्ष का विषय है कि इस समारोह के मुख्य–अतिथि के रूप में हमारे मध्य मंडलायुक्त, मंडी राखिल काहलों विराजमान हैं ।

महाविद्यालय परिवार आप जैसी अनुभवी अधिकारी को मुख्य–अतिथि के रूप में अपने मध्य उपस्थित पाकर अपने आपको गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। माननीय मुख्य–अतिथि महोदया की कर्तव्यनिष्ठता, कर्मठता एवं समर्पण भाव से हम सभी परिचित हैं। आप का जन्म 09 जनवरी, 1966 को हुआ। आप ने एमए तथा एमफिल की उपाधि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय,शिमला से प्राप्त की। 4 जुलाई, 1994 को हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा में आपका चयन हुआ और वर्ष 2008 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुई। वर्तमान में आप मंडी में मंडलायुक्त के पद पर आसीन हैं और अब आपकी पदोन्नति हिमाचल प्रदेश सरकार में सचिव पद पर हुई है। प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान आप विभिन्न पदों पर आसीन रहीं तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन अच्छे से किया।

हमारे मध्य उपस्थित अभिभावक, शिक्षक–अभिभावक संघ के सदस्य, पूर्व छात्रसंघ के सदस्य,गणमान्य व्यक्ति तथा पत्रकार बन्धु, मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती हूँ।

घोघरधार के आँचल में बसा, हिमरीगंगा के चरणों में स्थित सुरम्य घाटियों से घिरा महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला वर्ष 2006 में अस्तित्व में आया। इस महाविद्यालय की स्थापना से पहाड़ी क्षेत्रों की उन्नति एवं समृद्धि के रास्ते खुले हैं। महाविद्यालय अपने गौरवमय इतिहास के लगभग 18 वर्ष पूर्ण कर चुका है। महोदया जी, अब मैं इस सत्र का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति चाहती हूँ।

## प्रवेश विवरणः–

वर्तमान शैक्षणिक–सत्र 2023–2024 में महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में कक्षाएं चल रही हैं जिसमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 526 है। जिसमें 194 छात्र तथा 332 छात्राएं हैं, जिनका विस्तृत विवरण इस प्रकार हैः–

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुल |
|---|---|---|---|
| बी०ए०प्रथम वर्ष | 46 | 103 | 149 |
| बी०ए०द्वितीय वर्ष | 52 | 89 | 141 |
| बी०ए०तृतीय वर्ष | 51 | 88 | 139 |
| बी०एस०सी० प्रथम वर्ष | 15 | 15 | 30 |
| बी०एस०सी० द्वितीय वर्ष | 12 | 13 | 25 |
| बी०एस०सी० तृतीय वर्ष | 15 | 12 | 27 |
| बी० कॉम० प्रथम वर्ष | 02 | 08 | 10 |
| बी० कॉम० द्वितीय वर्ष | 0 | 02 | 02 |
| बी० कॉम० तृतीय वर्ष | 01 | 02 | 03 |
| **कुल योग** | **194** | **332** | **526** |

# कर्मचारियों की स्थिति

**शिक्षक वर्गः—**महाविद्यालय के विभिन्न संकायो में शिक्षक वर्ग के 18 पद सृजित हैं, जिसमें 17 प्राध्यापक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

**गैर शिक्षक वर्गः**—गैर शिक्षक वर्ग में 32 पद सृजित हैं, जिनमें 18 पदों पर कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**रिक्तियाँः—**महाविद्यालय में प्राध्यापक का 01 पद, अधिक्षक ग्रेड-II का 01 पद, पुस्तकालय स्टाफ में 03, प्रयोगशाला स्टाफ में 06 (वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक के 02 तथा कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक के 04), संगीत विभाग में तबला अनुदेशक का 01, स्टोर कीपर का 01 तथा सफाई कर्मचारी के 02 पद रिक्त हैं। इस तरह कुल 15 पद खाली चल रहे हैं। रिक्तियों का विस्तृत विवरण तालिका द्वारा स्पष्ट किया गया हैंः—

## शिक्षक वर्गः—

| क0 स0 | विषय | स्वीकृतपद | भरे हुए पद | | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | अनुबन्ध | |
| 1 | प्राचार्य | 01 | 01 | . | . |
| 2 | अंग्रेजी | 02 | 01 | 01 | |
| 3 | हिन्दी | 01 | 01 | . | . |
| 4 | राजनीतिशास्त्र | 01 | 01 | . | . |
| 5 | समाजशास्त्र | 01 | 01 | . | . |
| 6 | भूगोल | 01 | 01 | . | . |
| 7 | संगीत (स्वर) | 01 | 01 | . | . |
| 8 | अर्थशास्त्र | 01 | 01 | . | . |
| 9 | इतिहास | 01 | 01 | . | . |
| 10 | गणित | 01 | 01 | . | . |
| 11 | वाणिज्य | 02 | 01 | **01** | . |
| 12 | भौतिक विज्ञान | 02 | 02 | . | . |
| 13 | रसायन विज्ञान | 02 | 01 | . | **01** |
| 14 | वनस्पति विज्ञान | 01 | 01 | . | . |
| 15 | प्राणी विज्ञान | 01 | 01 | . | . |
| **कुल** | | **19** | **16** | **02** | **01** |

# गैर शिक्षक वर्गः—

| क0 स0 | विषय | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | अनुबन्ध | |
| 1 | अधीक्षक ग्रेड—I | 01 | 01 | - | - |
| 2 | अधीक्षक ग्रेड—II | 01 | - | - | 01 |
| 3 | वरिष्ठ सहायक | 01 | 01 | - | - |
| 4 | लिपिक | 01 | 01 | - | - |
| 5 | कनिष्ठ ऑफिस सहायक (सूचना प्रौद्योगिकी) | 02 | - | 02 | - |
| 6 | स्टोर कीपर | 01 | - | - | 01 |
| 7 | पुस्तकालयध्यक्ष | 01 | - | - | 01 |
| 8 | सहायक पुस्तकालयध्यक्ष | 02 | 02 | - | - |
| 9 | पुस्तकालय परिचर | 01 | - | - | 01 |
| 10 | पुस्तकालय संरक्षक | 01 | - | - | 01 |
| 11 | व0 प्रवक्ता सहायक | 02 | - | . | 02 |
| 12 | क0 प्रवक्ता सहायक | 04 | - | - | 04 |
| 13 | प्रयोगशाला परिचर | 05 | 05 | - | - |
| 14 | तबलावादक | 01 | - | - | 01 |
| 15 | सेवादार | 06 | 06 | - | - |
| 16 | सफाई कर्मचारी | 02 | - | - | 02 |
| **कुल** | | **32** | **16** | **02** | **14** |
| **कुल (1+2)** | | **51** | **32** | **04** | **15** |

# स्थानान्तरणः—

### महाविद्यालय में सम्मिलित नए सदस्यः—

प्रो० अजय कुमार(समाजशास्त्र), डॉ० ममतापरमार (वनस्पति विज्ञान), डॉ० सरोज कुमारी (अर्थशास्त्र), प्रो० कंचना देवी (अंग्रेजी) और प्रो० कंचन कुमारी (वाणिज्य) महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए।

गैर शिक्षक वर्ग में श्री हंसराज सहायक पुस्तकालयध्यक्ष, श्रीमती राज कुमारी सेवादार महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए।

**स्थानान्तरित सदस्यः—**शिक्षक वर्ग में डॉ० विनोद (समाजशात्र), डॉ० दीपाली अशोक (वनस्पति विज्ञान), प्रो० नीरज कुमार (रसायन विज्ञान), डॉ० अनुपम बाहरी (वाणिज्य) और डॉ० देस राज (अर्थशास्त्र) तथा गैर शिक्षक वर्ग में श्री जगदीश चन्द अधिक्षक ग्रेड-II, श्री राजपाल सिंह वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक और श्री रविन्द्र कुमार सेवादार इस सत्र में महाविद्यालय से स्थानान्तरित हुए।

**शैक्षणिक परिणामः–**इस सत्र में महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा।

| संकाय | कक्षा | नाम | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| कला संकाय (Arts) | प्रथम वर्ष (1st Year) | श्वेता कुमारी | प्रथम |
| | | प्रिया चौहान | द्वितीय |
| | | महिमा | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | प्रथम वर्ष (1st Year) | सुनाक्षी | प्रथम |
| | | रोहिणी | द्वितीय |
| | | शिवकरण | तृतीय |
| कला संकाय (Arts) | द्वितीय वर्ष (2nd Year) | आदित्य यादव | प्रथम |
| | | मनीषा देवी | द्वितीय |
| | | करिश्मा | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | द्वितीय वर्ष (2nd Year) | दीपक | प्रथम |
| | | मानसी ठाकुर | द्वितीय |
| | | रिया कुमारी | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | द्वितीय वर्ष (2nd Year) | विपना देवी | प्रथम |
| | | शिवांगी | द्वितीय |
| | | रितेश | तृतीय |
| कला संकाय (Arts) | तृतीय वर्ष (3rd Year) | सोनिया | प्रथम |
| | | सुनिता | द्वितीय |
| | | मीरा | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | तृतीय वर्ष (3rd Year) | अभिषेक ठाकुर | प्रथम |
| | | रक्षा | द्वितीय |
| | | रक्षिता | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | तृतीय वर्ष (3rd Year) | पूजा | प्रथम |

## केन्द्रीय छात्र परिषद(CSCA):–

इस सत्र में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी (हि०प्र०) द्वारा निर्दिष्ट दिशा–निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक वरीयता क्रम के आधार पर केन्द्रीय छात्र परिषद् का मनोनयन किया गया। 10 नवम्बर, 2023 को प्राचार्या बंदना वैद्य की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। मन्नोनीत सदस्यों का विवरण इस प्रकार से हैः–

| पदाधिकारी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र०स०** | **पद** | **नाम** | **कक्षा** | **अनुक्रमांक** |
| 1. | अध्यक्ष | दीपक | बी०एस०सी० तृतीय | 2210270008 |
| 2. | उपाध्यक्ष | आदित्य | बी०ए०तृतीय | 1210270009 |
| 3. | सचिव | प्रिया चौहान | बी०ए०द्वितीय | 202201501001108 |
| 4. | सयुंक्तसचिव | तन्वी ठाकुर | बी० कॉम० प्रथम | 23BCM002 |
| **शैक्षिक सदस्य** | | | | |
| 1. | सदस्य | विपना देवी | बी० कॉम० तृतीय | 3200270004 |
| 2. | सदस्य | सुनाक्षी | बी०एस०सी० द्वितीय | 202201501002015 |
| 3. | सदस्य | पल्लवी ठाकुर | बी०ए० प्रथम | 23POL001 |
| 4. | सदस्य | योगेश | बी०एस०सी० प्रथम | 223ZOO001 |
| **सदस्य अन्य श्रेणियों से** | | | | |
| 1. | सदस्य (NCC) | विशाल ठाकुर | बी०एस०सी० तृतीय | 1210270184 |
| 2. | सदस्य(NCC) | शिवांगी | बी० कॉम० द्वितीय | 3210270002 |
| 3. | सदस्य(NSS) | वैष्णवी | बी०ए० तृतीय | 1210270178 |
| 4. | सदस्य(NSS) | जगदीश | बी०ए० तृतीय | 11210270055 |
| 5. | सदस्य(Rover) | निशान्त शर्मा | बी०ए० तृतीय | 22HIS049 |
| 6. | सदस्य(Ranger) | ज्योति | बी०ए०द्वितीय | 22HIS025 |
| 7. | सदस्य (Cultural) | अनिता कुमारी | बी०ए० प्रथम | 22POLS005 |
| 8. | सदस्य (Cultural) | मुस्कान | बी०ए० तृतीय | 1210270087 |
| 9. | सदस्य(Sports) | अमिषा ठाकुर | बी०ए० तृतीय | 1210270017 |
| 10. | सदस्य (Sports) | शालेंदर ठाकुर | बी०ए० तृतीय | 1210561015 |
| 11. | सदस्य(RedRibbon Club) | सुहानी | बी०एस०सी० तृतीय | 12102700162 |
| 12. | सदस्य (Eco Club) | नेहा | बी०एस०सी० तृतीय | 2210270018 |

## अभिभावक शिक्षक संघ (Parents Teachers Association):–

03 सितम्बर, 2023को महाविद्यालय में अभिभावक शिक्षक संघ (PTA) की कार्यकारिणी का गठन,प्राचार्या बन्दना वैद्य की अध्यक्षता में किया गया। महाद्यिालय के विकास कार्यों इनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इस बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गएः–

| क्रम संख्या | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1 | प्रधान | श्री कपूर चन्द |
| 2 | उप–प्रधान | श्री सुन्दर सिंह |
| 3 | सचिव | डॉ० कल्याण चन्द मंढोत्रा |
| 4 | सह–सचिव | श्रीमती सरला देवी |
| 5 | कोषाध्यक्ष | श्री दिनेश कुमार |
| 6 | सदस्य | प्रो० आशा कुमारी |
| 7 | सदस्य | प्रो० संदीप कुमार |
| 8 | सदस्य | प्रो०चन्द्र पाल |
| 9 | सदस्य | श्रीमती चम्पा देबी |
| 10 | सदस्य | श्री देवी सिंह |

**PTA FUND** से एक सफाई कर्मचारी की सेवाएं ली जा रही है।

## भूतपूर्व छात्र संघ(Old Students Association) :–

**महाविद्यालय में पूर्व छात्र संघ (OSA) की कार्यकारिणी का गठन किया है। इसके सदस्य इस प्रकार हैः–**

| | |
|---|---|
| **प्रधान** | **श्री भूवनेश्वर** |
| **उप–प्रधान** | **श्री चंद्रशेखर** |
| **सचिव** | **श्री नितिन कुमार** |
| **कोषाध्यक्ष** | **श्री सोम दत्त** |

## छात्रवृत्तियाँ :–

## इस सत्र में वितरित छात्रवृत्तियों का विवरण इस प्रकार हैः–

| क्रम संख्या | छात्रवृति | छात्र संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति | 08 |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 06 |
| 3 | ओबीसी/इबीसी/डीएनटी (प्रधानमंत्री यशस्वी) | 45 |
| 4 | मुख्यमंत्री विद्यार्थी कल्याण योजना | 11 |
| 5 | कल्पना चावला | 06 |
| 6 | महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए केंद्रीय क्षेत्र की छात्रवृत्ति योजना | 15 |

## सम्पादकीय पटल (Editorial Board):—

महाविद्यालय में द्विवार्षिक पत्रिका 'हिमरीगंगा' का प्रकाशन किया जाता है। यह पत्रिका छात्रों को उनकी लेखन, कहानियों और कला के माध्यम से बौद्धिक और सांस्कृतिक विनिमय के लिए एक मंच प्रदान करती है। यह छात्रों को अपनी रचनात्मकता और प्रतिभाओं को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करती है। साथ ही यह छात्रों के साहित्यिक और कलात्मक प्रयासों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। संपादकों का पत्रिका की तैयारी में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इस वर्ष विभिन्न संकायों के शिक्षक तथा छात्र संपादकों का विवरण तालिका में निम्न प्रकार से है:—

| मुख्य संपादक- प्रो० आशा कुमारी | | |
|---|---|---|
| **अनुभाग** | **प्राध्यापक संपादक** | **छात्र संपादक** |
| हिंदी | प्रो० अनीता कुमारी | प्रियंका |
| अंग्रेजी | प्रो० कंचना देवी | मधु ठाकुर |
| विज्ञान | प्रो० हुक्म चंद | तानिया |
| योजना | प्रो० सरोज कुमारी | अमिता |
| वाणिज्य | प्रो० नीलम | शिवांगी |
| पहाड़ी | प्रो० सुरेश कुमार | अशिंका यादव |

## पुस्तकालय (Library):—

पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान की मुख्य सम्पति होती है। महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की कुल 3990 बहुमुल्य पुस्तकें हैं। इस सत्र में 361 विभिन्न विषयों से सम्बन्धित नई पुस्तकें खरीदी गई।इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के ज्ञानवर्द्धन के लिए चार दैनिक समाचार पत्र, चार मासिक पत्रिकाएं तथा एक जर्नल उपलब्ध हैं। पुस्तकालय के आधुनिकीकरण के लिए SOUL सॉफटवेयर उपलब्ध है। हमारे महाविद्यालय में पुस्तकालय स्वचालन का कार्य चल रहा है जिससे पाठकों को कम समय में सही सूचना प्रदान की जाएगी। महाविद्यालय द्वारा छात्रों के हित को देखते हुए प्रतिवर्ष प्राध्यापकों के सुझाव पर पुस्तकालय हेतु पुस्तकें क्रय की जाती हैं।

## युवा समारोह (Youth Festival):—

- 28—30 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों ने प्रो० संदीप कुमार के नेतृत्व में युवा समारोह ग्रुप—I (पेंटिग) में राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ में भाग लिया।

- 21—23 नवम्बर, 2023 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा समारोह ग्रुप—III मेंडॉ० कल्याण चन्द मंढोत्रा एवं प्रो० आशा कुमारी द्वारा निर्देशित 'भारतीय नाटी लोकनृत्य'में महाविद्यालय की12 छात्राओं ने डॉ० कल्याण चन्द मंढोत्रा एवं डा० पुनम चौधरी के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय,नादौन (हमीरपुर) में भाग लिया।

## महिला प्रकोष्ठ (Women Cell) :–

महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो० निशा वैद्य हैं।

- 09 मार्च, 2024 को'महिला प्रकोष्ठ' द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० बन्दना वैद्य मुख्य अतिथि रही। इस वर्ष महिला दिवस की थीम 'महिलाओं में निवेशः प्रगति में तेजी लाएं' है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बताया कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, काम के साथ–साथ परिवार में एक केन्द्र बिंदु की भूमिका निभाती हैं तथा पढ़ाई लिखाई के साथ–साथ नैतिक जिम्मेदारियों का भी अच्छे से निर्वहन करती है। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने के लिए प्रेरित किया।

## जीविका परामर्श प्रकोष्ठ (Career Counselling Cell) :–

जीविका परामर्श प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ० संजय सहगल है।

- 23 अक्तूबर, 2023 को जीविका परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा 'जीविका अवसरों एवं संभावनाओं' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर मेजर खेंम सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को उचित समय पर सही लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

- 25 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय में कौशल विकास जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कियागया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश कौशल निगम के अध्यक्ष व समन्वयक श्री अतुल कडोता जी ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

- 07 दिसम्बर, 2023 को जीविका परामर्श प्रकोष्ठ तथा हिमाचल प्रदेश विकास निगम द्वारा सयुंक्त रुप से विद्याथियों के लिए रोजगार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विकास निगम के जिला समन्वयक श्री शिवेन्दु चौहान तथा क्षेत्रिय रोजगार कार्यालय मण्डी की युवा सलाहकार कु० विप्लव ठाकुर ने विद्यार्थियों को रोजगार से सम्बन्धित जानकारी दी।

- 28 फरवरी, 2024 को विद्यार्थियों के लिए कैरियर परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में SBI बैंक पधर के प्रबन्धक श्री मिथुन ने विद्यार्थियों को बैंकों में होने वाली विभिन्न धोखाधड़ियों व आनलाईन ठगी के बारे में जागरुक किया।

## खेलकूद(Sports):–

महाविद्यालय में खेलकूद प्रभारी प्रो०संदीप कुमार है।

- 17–19 जून, 2023 को मंडी जिला की 07वीं जिला स्तरीय 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन लखन पाल शूटिंग स्पोट्र्स परिसर भिउली में किया गया। जिसमें टीम प्रभारी

प्रो० हुक्म चंद के नेतृत्व में कनिका ने यूथ वर्ग में तथा किरण रावतने अंडर 19 वर्ग में चांदी के पदक जीते। तत्पश्चातदोनों छात्राओं ने राज्य–स्तरीय प्रतियोगिता में 27 जून को नाहन में भी भाग लिया।

- 18–21 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय के 06 छात्र–छात्राओं ने इंदिरा गाँधी खेल परिसर, शिमला में टीम प्रभारी प्रो० हुक्म चंद के नेतृत्व में इंटर–कॉलेज 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में महाविद्यालय की अमीषा ठाकुर, अंजली और ईशा देवी ने कांस्य पदक जीता।

- 18–20 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों ने प्रो० संदीप कुमार के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय जोगिन्दर नगर में इंटर कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

- 28–30 नवम्बर, 2024 को महाविद्यालय के 04 छात्रों ने रा० महाविद्यालय अम्ब (ऊना) में टीम प्रभारी प्रो० अजय कुमार के नेतृत्व में इंटर कॉलेज शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया।
- 23 फरवरी, 2024 को महाविद्यालय में एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो० बन्दना वैद्य इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं। इस कार्यक्रम में 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, शॉट पुट, लम्बी कूद, ऊंची कूद तथा भाला फैंकना जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS):–

NSS इकाई प्रो० सुरेश कुमार के नेतृत्व में कार्यरत है। इस वर्ष NSS मेंलगभग 100 स्वयंसेवी पंजीकृत हैं।

- 24 सितम्बर, 2023 को स्वयंसेवकों द्वारा 'एनएसएस स्थापना दिवस' के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।
- 26 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया।
- 02 अक्तूबर, 2023 को 'गाँधी जयंती' के अवसर पर 'स्वच्छ भारत अभियान' के अन्तर्गत स्वयंसेवको ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की तथा प्लास्टिक कचरे का निदान किया।
- 14 फरवरी, 2024 को एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई।
- 11मार्च, 2024 को सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य–अतिथि के रूप में प्राचार्या बन्दना वैद्य जी ने शिरकत की ।7 दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय तथा आस–पास के क्षेत्र की सफाई की तथा विभिन्न संसाधन व्यक्तियों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। शिविर का समापन 17 मार्च को किया गया।

## भारत स्काउट एण्ड गाइड (Bharat Scout and Guide):–

रोवर्स एवं रेन्जर इकाई डॉ०ममता परमार और प्रो० अजय कुमारके नेतृत्व में कार्य कर रही है। इसमें 24 रेन्जर व 08 रोवर्स पंजीकृत हैं।

- 15–19 जून, 2023 तक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केंन्द्र रिवालसर में आयोजित राज्य स्तरीय मैपिंग कोर्स और फर्स्ट एड कोर्स पथ–प्रदर्शक कार्यशाला में 02 रोवर्स और 05 रेंजर स्वयंसेवियो ने भाग लिया तथा महाविद्यालय स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कर अनुभव साँझा किया।

01 अगस्त, 2023 को विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस मनाया गया। जिसमें 12 रेंजर्स और 09 रोवर्स ने भाग लिया। जिसमें नए विद्यार्थियों को स्कार्फ और यूनिफॉर्म के महत्व के बारे में बताया गया।

- 31 अगस्त–04 सितम्बर, 2023 तक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केंन्द्र रिवालसर में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय निपुण टैस्टिंग कैंप में 08 रोवर्स और 08 रेंजर स्वयंसेवियों ने भाग लिया।
- 10 सितम्बर, 2023 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पधर में एक दिवसीय सेवक कैंप का आयोजनकिया गया जिसमें सात रेंजर और पांच रोवर्स ने भाग लिया।

- 11–15 सितम्बर, 2023 में फायर सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 08 रोवर्स और 08 रेंजर्स ने भाग लिया। इसमें स्वयंसेवियों ने आपदाओं से बचने के गुण सीखे।
- 14 सितम्बर, 2023 को 10 रेंजर्स और 08 रोवर्स ने गंगाहिल ट्रैकिंग में भाग लिया।
- 16 सितम्बर, 2023 को रोवर्स और रेंजर्स इकाई द्वारा साप्ताहिक फायर सेफ्टीके सफल प्रशिक्षण के पश्चात महाविद्यालय में भूम्कप और फायर सेफटी के ऊपरमॉक ड्रिलका आयोजन किया।
- 20 सितम्बर, 2023 कोरोवर्स एवं रेंजर्स इकाई द्वारा महाविद्यालय में आयोजित 'दीक्षा संस्कार' समारोह के अंतर्गत प्रवेश स्तर पर 15 रोवर्स व रेंजर को शामिल किया तथा शपथ दिलाई।
- 07 नवम्बर, 2023 को भारत स्काऊट एंड गाइड संस्था का 74वां स्थापना दिवस मनाया गया जिसका मुख्य विषय 'ग्रीन एंड सेफ प्लेनेट' था।
- 17–21 नवम्बर, 2023 तक प्रारंभिक गणतंत्र दिवस शिविर के लिए चयन कार्यक्रम का आयोजन राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र रिवालसर में किया गया। इस कैंप में महाविद्यालय के 04 रेंजर तथा रोवर्स स्वयंसेवियों का चयन Pre–RDC के लिए हुआ।
- 18–27 जनवरी, 2024 तक हिमाचल प्रदेश गणतंत्र दिवस शिविर का आयोजन राजकीय महाविद्यालयआरकेएमवी में किया गया। जिसमें महाविद्यालय की 03 रेंजर पारुल, ज्योति, अल्का तथा रोवर आदित्य ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय कैडट कोर (NCC) :–

महाविद्यालय में NCC प्रो० नीलम के नेतृत्व में कार्यरत है। जिसमें 26 कैडेट SD तथा 22 कैडेट SW पंजीकृत है।

- 07–14 जून, 2023 तकमहाविद्यालय की कैडेट अंजना ने श्री साई विश्वविद्यालय में 5HP बटालियन NCC पालमपुर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ट्रैकिंग शिविर में भाग लिया।
- 11 अगस्त, 2023 को 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अन्तर्गत कैडेटों को पंच प्राण की शपथ दिलाई गई।
- 15 सितम्बर–02 अक्तूबर, 2023 तक "क्लीन इंडिया लीन इंडिया" अभियान के अन्तर्गत कैडेटों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई तथा स्वच्छता पर नाटक के माध्यम से सभी को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का सन्देश भी दिया।
- 11–20 अक्तूबर, 2023 तक अंडर ऑफिसर आदित्य ने 1HP बटालियन NCC सोलन में Pre-RDC-1 में भाग लिया।
- 02 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय में रैंक सैरेमनी का आयोजन किया गया। इस क्रार्यक्रम में प्राचार्या प्रो० बन्दना वैद्य जी मुख्य अतिथि रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा NCC कैडेस को रैंक देकर सम्मानित किया गया।

- 02–12 नवम्बर, 2023 तक 2HP BN NCC मण्डी द्वारा ट्रांजिट कैंप 239 पण्डोह में 11 दिवसीय NCC सयुंक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के 30 कैडेट्स ने भाग लिया। जिसमें महाविद्यालय के कैडेस द्वारा सराहनीय प्रदर्शन करते हुए रस्साकस्सी, वाद-विवाद और स्पून रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सीनियर अंडर ऑफिसर यश ठाकुर को कैंप का बैस्ट कैडेट अवार्ड भी मिला।

- 28 नवम्बर, 2023 को NCC दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ जैसे कविता पाठ, पोस्टर मेंकिग, स्लोगन राईटिंग करवाई गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।
- 12 जनवरी, 2024 को कैडेट्स द्वारा 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के उपलक्ष्य पर पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिता ऑनलाईन करवाई गई।
- 13–25 जनवरी, 2024 तक कैडेट शबनम तथा आकांक्षा ने आर्मी अटैचमेंट कैंप पठानकोट में भाग लिया।
- 26 जनवरी, 2024 को 'गणतन्त्र दिवस' के उपलक्ष्य पर 25 कैडेट्स ने भाग लिया। जिसमें एस०डी०एम० श्री सुरजीत सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहें।
- 13 फरवरी 2024 को NCC ईकाई द्वारा 'राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत की स्वर कोकिला सरोजनी नायडू जी को पुष्पांजली देकर की गई। कार्यक्रम में नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- इस महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि इस सत्र में एनसीसी के चार कैडेटों अभिषेक, आदित्य, धीरज कुमार तथा जितेंद्र कुमार का चयन अग्निवीर (जीडी) के लिए हुआ।

## वसुंधरा इको क्लब (Eco Club):–

इको क्लब के प्रभारी प्रो०हुकम चन्द है। इको क्लब में 18 स्वयंसेवी पंजीकृत हैं।

- 03 अगस्त, 2023 को प्रकृति की सुन्दरता को बनाए रखने के उद्देश्य से वन विभाग के सहयोग से जुंढर–कद्रयाला मार्ग पर जंगल में विद्यार्थियों ने लगभग 60 पौधे लगाए।
- 16 सितम्बर, 2023 को 'अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस' के उपलक्ष्य पर प्लास्टिक कूड़े को इकट्ठा किया गया तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।
- 01 दिसम्बर, 2023 को ईको क्लब विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन हेतू एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया।

## रेड रिबन क्लब (Red Ribbon Club):–

रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी प्रो० आशा कुमारी है।

- 28 जुलाई, 2023 को महाविद्यालय में 'विश्व हेपेटाइटिस दिवस' मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से बी०एम०ओ० पधर श्री संजय गुप्ता, डा० नितेश, हेल्थ एजुकेटर उर्मिला व नई दिशा केन्द्र से श्री मनीष कुमार ने हेपेटाइटिस जैसी गंभीर व जानलेवा लीवर की बीमारी के लक्षणों, चिकित्सा उपचार एंव बचाव के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी।
- 16 सितम्बर, 2023 को नोडल अधिकारी प्रो० आशा कुमारी एंव तीन छात्राओं ने पीर एजुकेटर के रुप में हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा जोनल अस्पताल मंडी में आयोजित 'अभिविन्यास कार्यक्रम और एक्सपोजर विजिट'में भाग लिया।
- 20 सितम्बर, 2023 को हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाईटी शिमला द्वारा संचालित 'अंर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023' के अन्तर्गत रेड रिवन मैराथन (05 KM) में महाविद्यालय के 03 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया तथा टॉप 10में अपनी जगह बनाई।

- 04 अक्तूबर,2023 को महाविद्यालय परिसर में किशोर स्वास्थ्य और पोषण विषय पर श्रीमती रुपा, काउंसलर जागृति, 'ममता परियोजना' संगठन, जोनल अस्पताल मण्डी ने जागरुकता व्याख्यान देकर किशोरों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी।
- 01 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय में 'विश्व एड्स दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर HIV/AIDS जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम में रेड रिबन क्लब की महत्वपूर्ण भूमिका व योगदान के बारे में विद्यार्थियों को लघु चलचि़त्र के माध्यम से जानकारी दी गई। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग,रंगोली, भाषण एंव रील मेकिंग प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन करके विद्यार्थियों को जागरुक किया गया।
- दिसम्बर, 2023 में जिला स्तरीय रील प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र नितिन बी०ए० तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

## सड़क सुरक्षा क्लब (Road Safety Club):–

सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक प्रो० हुक्म चंद है।

- 08 दिसम्बर, 2023 को महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो० अजय कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारी प्रदान की।
- 27 फरवरी, 2024 को सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत विभिन्न सिग्नलों, नियमों तथा संकेतों पर आधारित प्रश्न्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों ने अपने जीवन में सड़क सुरक्षा नियमों को अपनाने हेतु शपथ ग्रहण की।
- 07 मार्च, 2024 को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत विभिन्न सिग्नलों, नियमों तथा संकेतो पर आधारित पर्चों के माध्यम से विद्यार्थियों, ड्राइवरों तथा आम जनमानस में सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।
- 12–14 मार्च, 2023 तक आयोजित 'सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान' के अन्तर्गत 12 मार्च को निबंध लेखन, 13 मार्च को भाषण तथा 14 मार्च को रंगोली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।
- 14 मार्च को सड़क सुरक्षा जगरूकता कार्यक्रमों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य–अतिथि श्री सुरजीत सिंह (उप–मंडलाधिकारी, पधर) ने पुरस्कार वितरित किये।

## निर्वाचन साक्षरता क्लब (Electoral Literacy Club):-

निर्वाचन साक्षरता क्लब के प्रभारी प्रो० चन्द्र पाल है।

- 05 अगस्त, 2023 को "मैं भारत हूँ, हम भारत के मतदाता हैं" अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मतदान से सम्बन्धित जानकारी दी गई।
- 07 अक्तूबर, 2023 को महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री सुरजीत सिंह SDM पधर ने विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में जागरुक किया।
- 18 नवम्वर, 2023 को मतदान जागरुकता अभियान के अन्तर्गत विद्यार्थियों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा इसके महत्व के बारे में बताया गया।

- 25 नवम्वर, 2023 को निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई।
- 7 मार्च, 2024 को महाविद्यालय से हरडगलू तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

## डॉ० अब्दुल कलाम विज्ञान समितिः—

- 29 दिसम्बर, 2023 को महाविद्यालय में गणित विभागाध्यक्ष डॉ० आशा सिंह की अध्यक्षता में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी, मॉडल, पावरपांईट प्रेजैटेंशन तथा प्रहसन (Skit) जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से गणित के महत्व पर प्रकाश डाला।
- 17 फरवरी, 2024 को प्रो० हुक्म चंदकी अध्यक्षता मेंप्राणी विज्ञान विभागद्वारा 'मधुमक्खी पालन एवं रोजगार में इसकी भूमिका' विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ० विकुल कुमार, (प्राणी विज्ञान) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला ने मधुमक्खी पालन पर विस्तृत जानकारी दी।
- महान भारतीय वैज्ञानिक डा० सी०वी० रमन द्वारा की गई विश्व चर्चित 'रमन प्रभाव' के अवसर पर 28 फरवरी, 2024 को महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया गया। जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से विज्ञान के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

## अन्य गतिविधियाँः—

- 05 जून, 2023 को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के उपलक्ष्य पर NCC, NSS के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के उदेश्य से एक रैली निकाली तथा 'प्लास्टिक मुक्त भारत' विषय पर पोस्टर भी बनाए गए।
- 21 जून, 2023 को महाविद्यालय में 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया गया।
- 26 जुलाई,2023 को महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। जिसमें NSS ,NCC और R&R के स्वयंसेवियों ने सभी बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर उनके वीरतापूवर्क कार्यों को याद किया।
- 09 अगस्त, 2023 को महाविद्यालय में 'मेरी माटी मेरा देश'अभियान के अर्न्तगत NCC,NSS, R&R तथा इको क्लब के स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर व हरडगलू में वृक्षारोपण किया। जिसमें विभिन्न प्रकार के लगभग 60 पौधे लगाएगए।
- 14 सितम्बर, 2023 को प्रो०अनिता की अध्यक्षता में 'हिन्दी दिवस' मनाया गया जिसमें कविता पाठ,भाषण और प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 17 अक्तूबर, 2023 को 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत महाविद्यालय में NCC, NSS तथा R&R के स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में अमृत क्लश य़ात्रा निकाली गई तथा पंच प्राण की शपथ दिलाई गई।
- 30 दिसम्बर, 2023 को महाविद्यालय के 04 मेधावी विद्यार्थियों अमन कुमार, पूजा, प्रीति और देवांशी को उच्च निदेशालय द्वारा मेरिट में आने पर टैवलेट्स प्रदान किए गए।

- 01 दिसम्बर, 2023 को प्राणीविज्ञान विभाग द्वारा प्रो० हुक्म चन्द और प्रो० कंचन कुमारी के नेतृत्व में एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 41 विद्यार्थियों को ट्राउट मत्स्य पालन फार्म, पतलीकूहल तथा मनाली में माँहिडिम्बां के दर्शन करवाए गए।
- 07 फरवरी, 2024 को महाविद्यालय मेंHP SDRF मण्डी द्वारा आपदा प्रबन्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूस्खलन,बादल फटना, बाढ़, आदि से निपटने के लिए विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

## प्रकाशन(Publication):–

- प्रो० पूनम चौधरी ने पर्यावरण और भारतीय लोक संस्कृति नामक पुस्तक में "कोविड 19 महामारीः साबुन और अल्कोहल आधारित हैंड सैनिटाइजर" नामक एक अध्याय प्रकाशित किया।

## सम्मेलन/शोध पत्र प्रस्तुति (Conference/Research Paper Presentation)

- भौतिक विज्ञान की प्रो० निशा वैद्य ने राजकीय महाविद्यालय, पांगी द्वारा 01–04 अक्तूबर, 2023 तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "आदिवासी क्षेत्रों की आजीविका संवर्धन पर प्रौद्योगिकी की भूमिका–डिजिटल परिवर्तन" विषय पर ऑनलाइन पेपर प्रस्तुत किया।
- भौतिक विज्ञान की प्रो० निशा वैद्य ने 14–15 फरवरी, 2024 को प्राणीशास्त्र और पर्यावरण विज्ञान विभाग, वीजीसी मंडी द्वारा आयोजित "सतत विकास के लिए जैव विविधता और पर्यावरण के उभरते मुद्दों" पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "पर्यावरण प्रौद्योगिकी पर मीडिया और सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका" शीर्षक से एक पेपर प्रस्तुत किया।
- गणित विभाग की प्रो० आशा सिंह ने 13 अक्तूबर, 2023 को दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज गणित विभाग द्वारा "मस्तिष्क संतुलन और सम्मोहन" पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।
- गणित विभाग की प्रो० डा० आशा सिंह ने 3 दिसंबर, 2023 को जीव–विज्ञान विभाग राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट, मंडी द्वारा आयोजित "जैव–विविधता हानि और जलवायु परिवर्तनः एक ही सिक्के के दो पहलू'' पर आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन में "जलीय पारिस्थितिक तंत्र में जैव–विविधता पर मुक्त संवहनी द्रव प्रवाह के प्रभाव की खोज" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो० पूनम चौधरी ने 25–26 नवम्बर, 2023 को सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी द्वारा आयोजित "स्थाई भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौधौगिकी (एसटीएसएफ–2023)" पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "विभिन्न तापमानों पर जलीय मीडिया में ग्लूटामाइन और हिस्टिडीन के ध्वनिक और स्पेक्ट्रोस्कोपिक अध्ययन में एंटीबायोटिक दवा–अमिकासिन सल्फेट का प्रभाव" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- समाजशास्त्र के प्रो० अजय कुमार ने परिवहन निदेशालय, लीड एजेंसी/सड़क सुरक्षा सेल द्वारा हिपा, शिमला में 27–28 जुलाई, 2023 तक सड़क सुरक्षा पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।
- समाजशास्त्र के प्रो० अजय कुमार ने 13 सितंबर, 2023 को श्री बालाजी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जयपुर में मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा आयोजित "विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी (एनसीएएससीईटी–2023) में प्रगति" विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

- समाजशास्त्र के प्रो० अजय कुमार ने 29 सितंबर, 2023 को आरजीएमजीसी कॉलेज, जोगिंदर नगर, मंडी द्वारा आयोजित "समावेशी समाजः विविधता के साथ जीवन" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

- समाजशास्त्र के प्रो० अजय कुमार ने इतिहास विभाग, एचपीयू क्षेत्रीय केंद्र, धर्मशाला द्वारा 27–28 अक्तूबर, 2023 तक "हिमालयी जनजातियों का इतिहास और संस्कृतिः स्थिति और निरंतरता" विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय हाइब्रिड सम्मेलन में "गुर्जर जनजाति पर विकास के परिवर्तनकारी प्रभावः हिमाचल प्रदेश में एक व्यापक विश्लेषण" शीर्षक से शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- समाजशास्त्र के प्रो० अजय कुमार ने 30–31 अक्तूबर, 2023 तक सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी द्वारा आयोजित "स्वराज संघर्ष और राष्ट्र एकता में सरदार वल्लभ भाई पटेल का योगदान" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में "स्वराज, संघर्ष और राष्ट्रीय एकता के लिए भारत की खोज में प्रमुख व्यक्ति" शीर्षक से एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- समाजशास्त्र के प्रो० अजय कुमार ने 3 दिसंबर, 2023 को जीव–विज्ञान विभाग राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट, मंडी द्वारा आयोजित "जैव–विविधता हानि और जलवायु परिवर्तनः एक ही सिक्के के दो पहलू'' पर आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन में "सतत क्षितिजः एक संतुलित भविष्य के लिए सामाजिक आर्थिक परिदृश्य को नेविगेट करना" शीर्षक से शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- समाजशास्त्र के प्रो० अजय कुमार ने 16 दिसंबर, 2023 को लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के सहयोग से'SHERPA'द्वारा आयोजित "हिमालय पारिस्थितिकी और भारतीय उप महाद्वीप की पारिस्थितिक स्थिरता के भविष्य का मार्ग" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

- राजनीति शास्त्र के प्रो० चन्द्र पाल तथा इतिहास विभाग के प्रो० सुरेश कुमार ने19 जनवरी, 2024 को चितकारा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

- राजनीति शास्त्र के प्रो० चन्द्र पाल तथा इतिहास के प्रो० सुरेश कुमार ने22जून, 2023को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में "भारत का जी–20 नेतृत्व और इसकी चुनौतियाँ" नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- हिंदी विभाग की प्रो० अनीता कुमारी ने 3 दिसंबर, 2023 को जीव–विज्ञान विभाग राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट, मंडी द्वारा आयोजित "जैव–विविधता हानि और जलवायु परिवर्तनः एक ही सिक्के के दो पहलू'' पर आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन में ''मानवीय गतिविधियाँ और पर्यावरणीय गिरावटः एक गहन अन्वेषण'' नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- प्राणीशास्त्र विभाग के प्रो० हुक्म चंद ने 3 दिसंबर, 2023 को जीव–विज्ञान विभाग राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट, मंडी द्वारा आयोजित "जैव–विविधता हानि और जलवायु परिवर्तनः एक ही सिक्के के दो पहलू'' पर आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन में ''जैव विविधता पर नेमाटोड परजीवियों का प्रभावः पारिस्थितिक प्रभाव और संरक्षण चुनौतियाँ''नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- प्राणीशास्त्र विभाग के प्रो० हुक्म चंद ने 14–15 फरवरी, 2024 को प्राणीशास्त्र और पर्यावरण विज्ञान विभाग, वीजीसी मंडी द्वारा आयोजित "सतत विकास के लिए जैव विविधता और पर्यावरण के उभरते मुद्दों" पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "जीवन की टेपेस्ट्री का संरक्षणः जैव विविधता संरक्षण की अनिवार्यता" शीर्षक से एक पेपर प्रस्तुत किया।

## संकाय विकास कार्यक्रम (FDP/Refresher Course)

- भौतिक विज्ञान की प्रो० निशा वैद्य ने 28–03 सितम्बर, 2023 तक शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।
- भौतिक विज्ञान की प्रो० निशा वैद्य ने 31 अक्तूबर–16 नवम्बर, 2023 तक शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पन्द्रह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को पूरा किया।
- अंग्रेजी विभाग की प्रो० आशा कुमारी ने 18 जून–02 जुलाई, 2023 तक शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "अंग्रेजी" विषय सम्बंधित पन्द्रह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को पूरा किया।
- अंग्रेजी विभाग की प्रो० आशा कुमारी ने 11–23 सितम्बर, 2023 तक एचआरडीसी, शिमला द्वारा आयोजित "अंग्रेजी और विदेशी भाषाएँ" नामक विषय पर संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।
- गणित विभाग की प्रो० आशा सिंह ने 13–26 जुलाई, 2023 तक शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "गणित में पायथन और वैदिक गणित" पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।
- गणित विभाग की प्रो० आशा सिंह ने 4–9 जनवरी 2024 तक गणित विभाग, महादेवा नंद महाविद्यालय भरतपुर नॉर्थ पैरागॉन द्वारा आयोजित "विभिन्न सिमुलेशन तकनीकों के साथ जैविक और भौतिक प्रणालियों पर गणितीय मॉडलिंग" पर ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में भाग लिया।
- रसायन विभाग की प्रो० पूनम चौधरी ने 08 जुलाई–21 अगस्त, 2023 तक एचआरडीसी कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा आयोजित पन्द्रह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को पूरा किया।
- समाजशास्त्र के प्रो० अजय कुमार ने यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा 08–22 जनवरी, 2024 तक आयोजित "समाजशास्त्र, सामाजिक कार्य और मानव विज्ञान (एमडी)" नामक विषय पर 2 सप्ताह के पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।
- राजनीति शास्त्र के प्रो० चन्द्र पाल तथा इतिहास के प्रो० सुरेश कुमार ने 22 सितम्बर–06 अक्तूबर, 2023तक शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पन्द्रह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को पूरा किया।
- वाणिज्य विभाग की प्रो० नीलम ने 31 जुलाई–14 अगस्त, 2023 तक शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "वाणिज्य" विषय सम्बंधित पन्द्रह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को पूरा किया।
- वाणिज्य विभाग की प्रो० नीलम ने 23 जनवरी–2 फरवरी, 2024 तक मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा आयोजित मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएम–टीटीपी) के तहत दो सप्ताह के "एनईपी 2020 अभिविन्यास और संवेदीकरण कार्यक्रम" में भाग लिया।
- प्राणीशास्त्र विभाग के प्रो० हुक्म चंद ने 16–20 अक्तूबर, 2023 तक क्लाइमेड रिसर्च सॉल्यूशंस औरARCNET द्वारा आयोजित "मास्टर नैक मान्यता प्रक्रिया और दस्तावेज़ीकरण" पर 5 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

- प्राणीशास्त्र विभाग के प्रो० हुक्म चंद ने 15–29 दिसम्बर, 2023 तक शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "प्राणीशास्त्र" विषय सम्बंधित पन्द्रह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को पूरा किया।
- अर्थशास्त्र विभाग की प्रो० सरोज कुमारी ने 21 जुलाई–04 अगस्त, 2023 तक शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा "अग्रिम अनुसंधान पद्धति" विषय पर आयोजित पन्द्रह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को पूरा किया।
- अर्थशास्त्र विभाग की प्रो० सरोज कुमारी ने 20–28 दिसम्बर, 2023 तक राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा "अनुसंधान पद्धति–उपकरण और तकनीकें" नामक विषय पर एक सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

**महोदया,**

सत्र 2023–24 के अपने इस वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से मैंने इस महाविद्यालय की जिन उपलब्धियों की चर्चा की है उन्हें साकार रूप देने का श्रेय महाविद्यालय के योग्य प्राध्यापक वर्ग, कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी वर्ग तथा अनुशासित विद्यार्थियों को जाता है।मैं इन सभी के प्रति आभार प्रकट करती हूँ।

महाविद्यालय के चहुंमुखी विकास के लिए समय–समय पर जो सहयोग, स्थानीय उपमंडलाधिकारी (नागरिक), पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई एवं जल शक्ति विभाग, चिकित्सा विभाग तथा पत्रकार बंधुओं ने दिया है इन सभी के प्रति मैं आभार व्यक्त करती हूँ। आशा करती हूँ कि आगे भी इनका सहयोग मिलता रहेगा।

माननीय, राखिल काहलों जी के हम विशेष रूप से आभारी हैं जिन्होंने इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने हेतु सहमती प्रदान की।

यहाँ पधारे प्रमुख नागरिकों एवं अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद। आपके पधारने से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ी है। पुरस्कृत विद्यार्थियों को पुरस्कार प्राप्ति के लिए बधाई। जिन्हें पुरस्कार नहीं मिल पाए हैं, उनके लिए भविष्य में प्रयत्नशील रहने के लिए कामना करती हूँ। हमें आशा है कि आप अपनी मंजिल अवश्य पाएंगे और देश, समाज तथा समस्त मानव जाति कल्याण के लिए प्रयत्नशील रहेंगे।

**धन्यवाद!**

**जय हिन्द! जय हिमाचल!**